हीरालाल सामरिया, आई०ए०एस०
भारत सरकार के सचिव
HEERALAL SAMARIYA, I.A.S.
Secretary to Govt. of India

सत्यमेव जयते

MINISTRY OF LABOUR & EMPLOYMENT
SHRAM SHAKTI BHAVAN
NEW DELHI - 110001

श्रम एवं रोजगार मंत्रालय
श्रम शक्ति भवन
नई दिल्ली-110001
Tele : 91-11-23 71 02 65
Fax : 91-11-23 35 56 79
E-mail :secy-labour@nic.in

संख्या ई-17016/01/2020-रा.भा.नी

दिनांक: 31 अगस्त, 2020

अपील

श्रम एवं रोजगार मंत्रालय के सभी अधिकारियों/कर्मचारियों को हिन्दी दिवस, 2020 की हार्दिक शुभकामनाएं। हमारे संविधान के अनुसार हिन्दी हमारी राजभाषा है तथा राजभाषा हिन्दी के प्रगामी प्रयोग को बढ़ावा देने के लिए हमारा मंत्रालय प्रतिबद्ध है। प्रत्येक वर्ष की भॉति इस वर्ष भी हमारा मंत्रालय 10 सितम्बर, 2020 से 24 सितम्बर, 2020 तक हिन्दी पखवाड़े का आयोजन करने जा रहा है।

राजभाषा नियम,1976 के नियम 12 के अनुसार, केन्द्र सरकार के प्रत्येक कार्यलय के कार्यालय प्रमुख का यह उत्तरदायित्व है कि वह अपने कार्यालय में राजभाषा अधिनियम, नियमों तथा समय-समय पर राजभाषा विभाग से जारी निदेशों का अनुपालन सुनिश्चित कराए। तदनुसार, मैं श्रम एवं रोजगार मंत्रालय का कार्यालय प्रमुख होने के नाते मंत्रालय के सभी अधिकारियों/कर्मचारियों से अपील करता हूं कि अपना कार्यालयी कामकाज राजभाषा विभाग द्वारा जारी वार्षिक कार्यक्रम में निर्धारित लक्ष्यों के अनुसार राजभाषा हिन्दी में करें तथा राजभाषा अधिनियम एवं नियमों का अनुपालन सुनिश्चित करें।

हमारा मंत्रालय श्रमिकों के कल्याण के लिए कार्यरत है तथा सरकारी कामकाज में सरल हिन्दी के प्रयोग से हम मंत्रालय की कल्याणकारी योजनाएं आम जन तक पहुंचा सकते हैं। अत: मैं पुन: मंत्रालय के सभी कार्मिकों से अपील करता हूं कि वे अपना अधिकांश कार्य सरल हिन्दी में करें ताकि हमारी जनकल्याण योजनाएं श्रमिकों तक पहुंच सकें एवं राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय के निदेशों का पालन सुनिश्चित किया जा सके।

हीरालाल
(हीरालाल सामरिया)

प्रति: मंत्रालय के सभी अधिकारी एवं कर्मचारी।